बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी

पत्रांक :– बु0वि0 / शोध सेल / 2026 / 4613 दिनांक :– 19 / 10 / 2026

प्रेस विज्ञप्ति

माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार सत्र 2025–2026 के पी–एच0डी0 कोर्सवर्क में पंजीकृत अभ्यर्थियों की सेमेस्टर परीक्षा दिनांक 31 / 10 / 2026 को निर्धारित है तथा विश्वविद्यालय पत्रांक बु0वि0 / शोध / 2026 / 4585 दिनांक 05 / 10 / 2026 द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में संचालित पी–एच0डी0 कोर्सवर्क में पंजीकृत अभ्यर्थियों हेतु ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि दिनांक 12 / 10 / 2026 विस्तारित की गयी थी। उपचारात्मक कक्षाओं के संचालन उपरान्त माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार मानकानुसार उपस्थिति पूर्ण करने वाले छात्र / छात्राओं हेतु ऑनलाइन आवेदन की तिथि दिनांक 22 / 10 / 2026 तक निर्धारित की जाती है।

एतद्र्थ सम्बन्धित अभ्यर्थियों से मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त परीक्षा विषयक सूचना केवल और केवल विश्वविद्यालय की बेबसाइट (www.bujhansi.ac.in) के माध्यम से ही प्रदान की जायेगी। अतएव सुझाव है कि विश्वविद्यालय की बेबसाइट नियमित रूप से चेक (Check) करते रहें।

(ज्ञानेन्द्र कुमार)
कुलसचिव

प्रतिलिपि :– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. सम्पादक, दैनिक जागरण, अमर उजाला, दैनिक आज व हिन्दुस्तान को इस आशय से प्रेषित कि उक्त प्रेस विज्ञप्ति को अपने लोकप्रिय समाचार पत्रों के संस्करणों के अगले अंक में जनहित में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
2. समन्वयक / सहसमन्वयक / विभागाध्यक्ष।
3. उपकुलसचिव (शोध) / सहायक कुलसचिव (शोध)
4. डा0 दीपक तोमर / ई0 साबिर अली, सिस्टम एनालिस्ट, कम्प्यूटर सेन्टर को इस आशय से प्रेषित कि उक्तानुसार कार्यवाही करने का कष्ट करें।
5. कुलपति जी के निजी सचिव को माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
6. आशुलिपिक(वित्त अधिकारी / कुलसचिव / परीक्षा नियंत्रक)

कुलसचिव